# सहायक प्रशासनिक अधिकारी (जनरलिस्ट/विशेषज्ञ) एवं सहायक अभियंता (सिविल/इलेक्ट्रिकल) की भर्ती हेतु ऑन-लाइन मुख्य परीक्षा

**चरण - II**

*सूचना पुस्तिका*

इस पुस्तिका में ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

चरण-।। की ऑनलाइन परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए होगी जिन्हें चरण-। की परीक्षा के परिणाम के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया होगा।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वर्णनात्मक एवं वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय प्रश्नावलियाँ होंगी :

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी (जनरलिस्ट) के लिए परीक्षा का स्वरूप**

| विभाग | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | न्यूनतम उत्तीर्ण अंक | | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | SC / ST / PwBD | अन्य | |
| 1 | तार्किक क्षमता | 30 | 90 | अंग्रेजी और हिन्दी | 40 | 45 | 40 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान, सामायिक मामले | 30 | 60 | अंग्रेजी और हिन्दी | 27 | 30 | 20 मिनट |
| 3 | डाटा विश्लेषण और व्याख्या | 30 | 90 | अंग्रेजी और हिन्दी | 40 | 45 | 40 मिनट |
| 4 | बीमा एवं वित्तीय बाजार सचेतता | 30 | 60 | अंग्रेजी और हिन्दी | 27 | 30 | 20 मिनट |
| | **कुल** | **120** | **300** | | | | **120** मिनट |
| 5 | अंग्रेजी भाषा का वर्णनात्मक पेपर** | 2 | 25 | अंग्रेजी | 9 | 10 | 30 मिनट |

** अंग्रेजी भाषा की परीक्षा क्वालीफाइंग प्रकृति की होगी और इस प्रश्नावली में प्राप्त अंकों को रैंकिंग के लिए नहीं गिना जाएगा ।

उम्मीदवार को प्रत्येक अनुभाग में अलग से न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने चाहिए और परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए कुल मिलाकर न्यूनतम अंक भी प्राप्त करने चाहिए। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक पेपर का मूल्यांकन किया जाएगा जो मुख्य परीक्षा के वस्तुनिष्ठ भाग में उत्तीर्ण होंगे।

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी (विशेषज्ञ) (चार्टर्ड एकाउंटेंट/कंपनी सचिव/ बीमांकिक/ बीमा विशेषज्ञ / इंजिनियरिंग), सहायक प्रशासनिक अधिकारी (विधिक) के लिए परीक्षा का स्वरूप**

| विभाग | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि | न्यूनतम उत्तीर्ण अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | SC/ST/PWBD | **अन्य** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तार्किक क्षमता | 30 | 30 | अंग्रेजी और हिन्दी | 20 मिनट | 13 | 15 |
| 2 | सामान्य जागरूकता, बीमा और वित्तीय बाजार जागरूकता का विशेष संदर्भ | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिन्दी | 10 मिनट | 9 | 10 |
| 3 | व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 100 | अंग्रेजी और हिन्दी | 30 मिनट | 45 | 50 |
| | **कुल** | **100** | **150** | | **60 मिनट** | | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (वर्णनात्मक पेपर)** | 6 में से 4 | 50 # | अंग्रेजी और हिन्दी | 60 मिनट | # कुल अंकों का 45% | # कुल अंकों का 50% |
| 5 | अंग्रेजी भाषा का वर्णनात्मक पेपर ** | 2 | 25* | अंग्रेजी | 30 मिनट | 9 | 10 |

उम्मीदवार को प्रत्येक अनुभाग में अलग से न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने चाहिए और परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए कुल मिलाकर न्यूनतम अंक भी प्राप्त करने चाहिए। ** केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक पेपर का मूल्यांकन किया जाएगा जो मुख्य परीक्षा के वस्तुनिष्ठ भाग में उत्तीर्ण होंगे। अंग्रेजी भाषा की परीक्षा क्वालीफाइंग प्रकृति की होगी और इस प्रश्नावली में प्राप्त अंकों को रैंकिंग के लिए नहीं गिना जाएगा ।

**# 50 अंकों को 150 में बदला जाएगा और व्यावसायिक ज्ञान के वर्णनात्मक पत्र में न्यूनतम योग्यता अंक भी 150 में सामान्यीकृत किए जाएंगे।**

परीक्षा के लिए कुल समय 150 मिनट है; तथापि लागिंग इन, बुलावा पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 210 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । प्रत्येक प्रश्नावली की अवधि अलग-अलग है । उम्मीदवार किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती नही की जायेगी । आपको सलाह दी जाती है कि आप अंदाजा लगाकर उत्तर ना दें ।**

**उपरोक्त प्रत्येक प्रश्नावली हेतु न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित हैं ।**

**वर्णनात्मक परीक्षा ऑनलाइन होगी । स्क्रीन पर दिखाये गये प्रश्नों के उत्तर कुंजीपटल (keyboard) की सहायता से टाईप करने होंगे ।**

**व्यावसायिक ज्ञान का वर्णनात्मक पेपर हिंदी एवं अंग्रेजी में होगा ।**

**अंग्रेजी भाषा की वर्णनात्मक प्रश्नावली केवल अंग्रेजी में उपलब्ध कराई जायेगी । वर्णनात्मक प्रश्न कंप्यूटर के परदे पर प्रदर्शित होंगे । वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर कुंजी पटल का प्रयोग करके टंकित करना है । वर्णनात्मक पत्र में प्रश्नों का उत्तर टंकित करना शुरू करने से पहले कृपया कुंजी पटल की सभी कुंजियों के कार्य की जांच कर लें ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में कुल अंकों को दशमलव बिन्दु सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## तार्किक क्षमता

यह प्रश्न पत्र आपकी तार्किक क्षमता का परीक्षण करने हेतु है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होते हैं। यहां कुछ नमूना प्रश्न दिए गए हैं।

**प्र.1.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरू होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है । यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.2.** कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है । इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.3.** यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाए से तेरहवा अक्षर कौन सा होगा ?
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** यदि शब्द “DEPRESSION” के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?
(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## सामान्य ज्ञान, सामायिक मामले

यह परीक्षण दुनिया भर में होने वाली घटनाओं के बारे में आपकी जागरूकता को मापता है। आपके सामान्य ज्ञान, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की वर्तमान घटनाओं, सामान्य जनहित की घटनाओं, खेल, वैज्ञानिक आविष्कारों और इसी तरह के अन्य करंट अफेयर्स के बारे में आपके ज्ञान का परीक्षण करता है।

**प्र. 1.** भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ष ________ में अस्तित्व में आया ।
(1) 1973 (2) 1969 (3) 1966 (4) 1956 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र. 2.** निम्नलिखित में से कौनसा प्राधिकरण, भारत में LIC एजेंटों को लाइसेन्स जारी करता है ?
(1) IRDA (2) RBI (3) LIC (4) SEBI (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र. 3.** RBI में I निम्न में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) India (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

**प्र. 4.** ‘मंडी हाऊस’ हैं ________
(1) प्रधानमंत्री निवास
(2) श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित पुरस्कृत फिल्म
(3) दूरदर्शन के महानिदेशक का कार्यालय
(4) वाणिज्य मंत्रालय का मुख्यालय
(5) वह स्थान जहां कि दूरदर्शन का केंद्रिय निर्माण केंद्र स्थित है ।

## डाटा विश्लेषण और व्याख्या

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?
(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

# बीमा एवं वित्तीय बाजार सचेतता

**प्र. 1.** वस्तुओं की कीमत में होनेवाली सामान्य वृद्धि क्या कहलाती है ?
(1) मांग-आपूर्ति (2) स्टैगफ़्लेशन (3) निवेश पर प्रतिलाभ
(4) मुद्रास्फीति (5) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

**प्र. 2.** नए शेयर जारी करनेवाली कंपनी की आधार शक्ति की जांच कैसे की जाती है ?
(1) IPO ग्रेडिंग की जांच करके (2) क्रेडिट रेटिंग की जांच करके
(3) निर्गम कीमत की जांच करके (4) स्टॉक के ट्रेडिंग इतिहास की जांच करके
(5) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

**प्र. 3.** निम्न में से कौन-सा क्षेत्र, भारत में राज्यों की आय में वृद्धि को तय करने में अधिकतम योगदान देता है ?
(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र. 4.** मौद्रिक नीति का संबंध ______ से है ।
(1) धन की आपूर्ति में होनेवाले बदलावों (2) वित्तीय लिखतों के क्रय और विक्रय
(3) बेरोज़गारी कम करने (4) सभी (1), (2) और (3)
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

# व्यावसायिक ज्ञान

संबंधित विषय के प्रश्न, विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे।

# अंग्रेजी भाषा

**Q.1.** Write a letter on any **ONE** of the following

- Write a letter to your younger brother explaining him how Insurance Sector has changed in the last decade in India.
- Write a letter to the Branch Manager of your Insurance company sharing a good experience of customer service in settling a claim (Based on year experience or reading).

**Q.2.** Write an essay on any one of the following topics in about 250 words:

- Measures to eradicate illiteracy in India
- Importance of Financial Planning
- Financial Inclusion

# वर्णनात्मक परीक्षा

**केवल मुख्य परीक्षा के वस्तुनिष्ठ भाग में उत्तीर्ण होनेवाले उम्मीदवारों के वर्णनात्मक पेपर मूल्यांकित किए जाएंगे।**

**उम्मीदवारों को वर्णनात्मक पेपर के उत्तर की-बोर्ड की सहायता से टाइप करने होंगे। वर्णनात्मक पेपर वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तुरंत बाद शुरु होगा।**

**(अ) ऑनलाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**


(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली(यॉं) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वत: पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे । जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी ।

(15) किसी प्रश्नावली के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली उस प्रश्नावली के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे । किसी विशिष्ट प्रश्नावली के लिये आबंटित अवधी समाप्त होने पर आप अगली प्रश्नावली के पहले प्रश्न पर पहुंच जायेंगे

(16) प्रश्नावली के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए प्रश्नावली के नाम पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) आप किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों के बीच उस प्रश्नावली के लिये आबंटित समय के दौरान ही शफल कर सकते हैं

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) प्रत्येक टेस्ट के लिए आवंटित समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार किसी भी प्रश्न का प्रयास करने या अपने उत्तर की जांच करने में सक्षम नहीं होंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट'बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(21) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार वस्तुनिष्ठ परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## वर्णनात्मक प्रकार परीक्षा के लिये विशेष अनुदेश

1. परीक्षा देने हेतु अलग से किसी लॉग-इन की आवश्यकता नहीं है।
2. वस्तुनिष्ठ परीक्षा के स्वतः जमा होने पर यह परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी।
3. प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे।
4. एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।
5. अंग्रेजी भाषा के वर्णनात्मक पेपर में प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उनके उत्तर कीबोर्ड का प्रयोग करते हुए उनके लिए दिए गए स्थान पर टाईप करने होंगे ।

**कृपया ध्यान दें :** "टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' **(Space bar)** दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी' )**Enter key**) दबाते हैं, तो 'कर्सर' )**cursor)** अगली पंक्ति में नहीं जाएगा । हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी' )**Enter key**) दबाते हैं, तो 'कर्सर' )**cursor)** अगली पंक्ति में चला जाएगा । आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार **(Space bar)** / एंटर कुंजी )**Enter key**( को एक से अधिक बार दबाया जाएगा तो सिस्टम )**system**( उसे एक की स्ट्रोक **(single keystroke)** मानेगा (यानी कि एक स्पेस **(Space)** और एक एंटर )**Enter**( अगली लाइन में)

व्यावसायिक ज्ञान का वर्णनात्मक पेपर हिंदी एवं अंग्रेजी में होगाI


प्रश्न स्क्रीन पर दिखाए जाएंगे और उम्मीदवारों को उत्तर टाइप करने के लिए कीबोर्ड का उपयोग करना होगा। हिंदी टाइपिंग के लिए, उम्मीदवारों को निम्नलिखित कीबोर्ड लेआउट का ज्ञान होना चाहिए:

i. इनस्क्रिप्ट

ii. रेमिंग्टन (GAIL)

**महत्वपूर्ण :**

**यद्यपि नीचे दिखाया गया पैनल वस्तुनिष्ठ परीक्षा में भी दिया गया है (या और कहीं जहां उसकी आवश्यकता ना हो), लेकिन इसका उपयोग केवल वर्णनात्मक परीक्षा (केवल व्यावसायिक ज्ञान) में ही किया जाना है।**




**कृपया निम्नलिखित निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़ें :**

- भाषा चयन विकल्प के साथ एक पैनल दिखाई देगा जिसका इस्तेमाल वर्णनात्मक परीक्षा के दौरान किया जाना है। परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **"Exit" बटन पर क्लिक न करें**।
- हिन्दी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु हिन्दी भाषा का और अंग्रेज़ी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु अंग्रेज़ी भाषा का चयन करने के लिए दिए गए पैनल का इस्तेमाल करें।
- परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **"Exit" बटन पर क्लिक न करें**।
- कीबोर्ड ले आउट केवल अंग्रेज़ी (रोमन) में उपलब्ध होगा। उम्मीदवारों को इनस्क्रिप्ट और रेमिंग्टन (GAIL) का ज्ञान होना चाहिए, यदि वे वर्णनात्मक पेपर (व्यावसायिक ज्ञान) के प्रश्नों का उत्तर हिंदी में देना चाहते हैं।

## वस्तुनिष्ठ प्रकार पेपर के दौरान 'की बोर्ड की' को क्लिक ना करें ।

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर (जो कि बुलावा पत्र मे लिखा होगा) रिपोर्ट कर सकें । देर से आनेवालों को परीक्षा मे शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) और सहायक प्रशासनिक अधिकारी (बीमांकिक) पदों के के उम्मीदवारों को शास्त्रीय (Scientific) कैलकुलेटर के उपयोग की जरूरत हो सकती है । सहायक अभियंता (सिविल) पद के उम्मीदवारों को सामान्य कैलकुलेटर के उपयोग की जरूरत हो सकती है । ऐसा कैलकुलेटर इन पदों के उम्मीदवारों को " व्यावसायिक ज्ञान" की प्रश्नावली के दौरान स्क्रीन पर ऑनलाईन उपलब्ध कराया जाएगा । (वर्णनात्मक एवं वस्तुनिष्ठ)

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को बुलावा-पत्र पर चिपका कर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी साथ लाएं - यह अनिवार्य है । **कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं – पैनकार्ड / पासपोर्ट / स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस / फोटोग्राफ युक्त वोटर्स कार्ड / फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक / आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण / मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र / फोटो युक्त आधार कार्ड / कर्मचारी पहचान पत्र / फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - ई-आधार, राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । यदि बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे मूलप्रति राजपत्रित अधिसूचना/अपना मूलप्रति विवाह प्रमाण पत्र/ मूलप्रति शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा ।

(7) बायोमैट्रिक डाटा (दायें अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर दो बार लिया जाएगा - परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(ड) यदि कैप्चर किया हुआ बायोमेट्रिक डाटा, भर्ती के अगले चरणो मे लिए गए बायोमेट्रिक डाटा से मेल नहीं खाता है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(8) विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को जरूरत पड़ने पर बैठने में सहायता के लिए परीक्षा के समय से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा स्थल के परीक्षा केंद्र प्रशासक से संपर्क करना चाहिए। इसके अलावा, दृष्टिहीनता, लोकोमोटर डिसएबिलिटी (दोनों हाथ प्रभावित - बीए) और सेरेब्रल पाल्सी के अलावा अन्य श्रेणी के बेंचमार्क 40% विकलांगता वाले उम्मीदवार, जो प्रतिपूरक समय के लिए पंजीकृत हैं, उन्हें इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि व्यक्ति की कुछ शारीरिक सीमाएं है। **दस्तावेज़ सत्यापन के समय** एलआईसी द्वारा दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार एक सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक से लिखकर लाना होगा। यह प्रस्तुत करने में असफल रहने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

(9) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाये गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ भारतीय जीवन बीमा निगम उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(10) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं । आप अपना व्यक्तिगत इंक स्टैम्प पैड (ब्लू/ब्लैक) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद, स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, बुलावा पत्र, पहचान प्रमाणपत्र की प्रति टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को सौंप देना है।

(11) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(12) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या किसी केद्र पर या कोई तकनीकी खामी किसी अभ्यर्थी के लिए होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(13) कृपया ध्यान दें, एक उम्मीदवार केवल एक बार ही परीक्षा दे सकता है । एक से अधिक बार परीक्षा देने पर उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी । यदि अभ्यर्थी को एक से अधिक बुलावा पत्र प्राप्त हो जाए तो वह परीक्षा में एक बार ही शामिल हो तथा अन्य पद से संबंधित अन्य बुलावा पत्रों को लौटा दें ।

(14) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(15) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे भारतीय जीवन बीमा निगम की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(16) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024" पर ध्यान दें ।

## आपको शुभकामनाएं